www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-232 | सागवाड़ा, शुक्रवार,29 अप्रैल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर 1 मई को ज़ील में होगा रक्तदान

## विभिन्न गांवों में बैठकें कर रक्तदान के लिये किया जागरूक





**सागवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन जिला सागवाडा एवं सर्व ब्रामण समाज के बैनर तले 1 मई रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुरामजी के जन्मोत्सव पर विशाल रक्तदान शिविर सागवाडा के ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

जीवन रक्षक कार्य के लिए क्षेत्र के सभी आसपास के गांवों में युवा हो या बुजुर्ग व महिलाओ में भारी उत्साह है। विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष प्रकाश व्यास, महामन्त्री प्रदीप गामोठ, जिला संयोजक श्याम भट्ट, गोवाड़ी इकाई अध्यक्ष विमल दादा, नगर अध्यक्ष विनय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रमेश भट्ट, उप सरपंच अनिल पुरोहित, देवीलाल फलोत, हितेश रावल डायालाल त्रिवेदी, डॉ. विमलेश पंडया, धीरज मेहता, सुनील पंडया, मुकेश पंडया, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रेखा पंडया, अनिता पंडया, कविता व्यास, पवित्रा जोशी, सीमा जोशी, युवा प्रकोष्ठ से हिमांशु शर्मा, प्रशांत पुरोहित, राजेश भट्ट, धवल जोशी,

चिराग मेहता, हर्षद ठाकोर, प्रहलाद जोशी, यतिन शर्मा, मदन मेहता, मोहन मेहता, ज़ील के संस्थापक दीनबंधु त्रिवेदी, भूपेंद्र भट्ट, अनिल त्रिवेदी, मनोज भट्ट, दीपक त्रिवेदी, गिरीश गामोठ, अनुराग पाठक, अधिकाधिक युवाओं को रक्तदान में भाग लेने सम्पर्क ओर प्रेरित कर रहे है। विफा की विधि प्रकोष्ठ मीडिया प्रकोष्ठ सहित टोलियां जन सम्पर्क के लिये सक्रिय है । टीम ने खड़गदा के सहस्त्र औदीच्य टोलकिया समाज के नोहरे में बैठक हुई जिसमें समाज के युवाओं ने रक्तदान करने की बात की साथ ही 3 मई अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव निमित्त गमलेश्वर महादेव से शोभायात्रा निकालने की जानकारी दी। गामड़ा ब्रह्मणिया, गोवाड़ी, सागवाडा जेठाणा, भीलूड़ा, कानपुर, सेलोता, दिवडा बड़ा, दिवडा छोटा, वांदरवेड, सिलोही, चितरी में जनसम्पर्क किया गया। जिलाध्यक्ष विफा प्रकाश व्यास ने बताया कि कल नंदोड़ टामटिया बर्बोदनिया ओबरी डेचा पादरा पाडवा ओड कोकापुर भासोर कराडा सामलिया सरोदा पादरड़ी बड़ी बुचिया वमासा सहित समूचे सागवाडा परिक्षेत्र का सघन सम्पर्क अभियान विभिन्न टोलियों ग्राम प्रभारियों के माध्यम से किया जा रहा है।

1 मई को रक्तदान शिविर ओर 3 मई शाम को शोभायात्रा को लेकर जनसंपर्क किया जा रहा है।

## प्रदेश में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्ती की तैयारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है ।

**सीएम गहलोत ने दिए यह निर्देश**

अपराध के खिलाफ सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी राज्य में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।गहलोत शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की . उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 3 मई को ईदुलफितर और परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऐसे में पुलिस प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ कानून व्यवस्था बनाऐ रखें। उन्होंने शांति और सौहार्द को बिगाड़ने वाले तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पुलिस की ओर से अपराधियों पर की गई कार्रवाई को विभिन्न माध्यमों के जरिये जनता तक पहुंचाया जाए।

## घर से 200 फीट दूर पेड़ से लटका मिला युवक का शव

### 2 दिन पहले मुंबई जाने निकला था



**खड़गदा।** मुंबई जाने का कहकर निकले एक युवक का 2 दिन बाद उसी के घर से 200 फीट दूर एक पेड़ से शव लटका हुआ मिला। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की सूरजगांव खांटवाडा निवासी नरेश रोत (20) मुम्बई में केंटीन का काम करता है। पिछले कुछ दिनों से घर पर आया हुआ था। 2 दिन पहले वह मुंबई जाने का कहकर घर से निकल गया। इसके बाद से उससे कोई बात नहीं हुई। आज शुक्रवार सुबह सुरजगांव से खड़गदा मुख्य मार्ग पर एक युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक की पहचान नरेश रोत के रूप में की गई। घटना का पता लगते ही पिता जोमा दौड़कर पहुंचे। बेटे को फंदे पर मरा देखकर रोने लगे। बड़ी संख्या में गांव के लोग इकट्ठा हो गए।घटना की सूचना पर सागवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने घटना की मौका तस्दीक करने के बाद शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। लेकिन युवक के सुसाइड को लेकर अब तक कारणों का पता नही चल सका है।

## जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से 1 मई को जनजाति सम्मेलन आयोजित होगा

**डूंगरपुर।** जिले में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से 1 मई को जनजाति सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें धर्मांतरण करवा चुके एसटी वर्ग को आरक्षण का लाभ नही देना मुख्य मुद्दा रहेगा। सम्मेलन को लेकर वनवासी कल्याण परिषद तैयारियों में जुट गया है। कार्यक्रम के जिला संयोजक रूपलाल वरहात और केंद्रीय टोली सदस्य बंसीलाल कटारा ने बताया कि 1 मई को जनजाति समाज का सम्मेलन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रखा गया है। जिसमे सभी समाजों के लोग शामिल होंगे। सम्मेलन को जनजाति समाज के राष्ट्रीय नेता एमडी ठाकुर संबोधित करेंगे। कटारा ने कहा की एससी वर्ग के जो लोग धर्मांतरित होकर अन्य धर्म को स्वीकार करते है। ऐसे लोगो को एससी वर्ग के तमाम लाभ दिए जाने से रोकने के लिए संवैधानिक प्रावधान है। लेकिन एसटी वर्ग में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग दूसरे धर्म को स्वीकार कर लेते है। इसके बावजूद वे लोग जनजाति परिवारों के विकास की योजनाओं का फायदा ले रहे है। इसी को रोकने के लिए संवैधानिक संशोधन की मांग उठाने और राजनितिक जागरूकता लाने के लिए समेलन रखा गया है। सम्मेलन को लेकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पांडाल तैयार करवाया जा रहा है। वही गर्मी को देखते हुए पानी समेत तमाम इंतजाम किए जा रहे है।

## 9 वीं कक्षा की छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक को 20 साल के कठोर कारावास

### पोक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में 9 वीं कक्षा की छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में पोक्सो कोर्ट ने दोषी युवक को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पोक्सो कोर्ट के एपीपी योगेश जोशी ने बताया कि सागवाडा थाना क्षेत्र निवासी 9वीं कक्षा की छात्रा 23 जनवरी 2021 को स्कूल जाने के लिए निकली थी। उस दरम्यान माविता गांव निवासी बंशीलाल खराड़ी उसे रास्ते में मिला। बंशीलाल ने पीडिता को बाइक के पीछे बैठने के लिए कहा तो पीडिता ने उसे मना कर दिया जिस पर बंशीलाल ने चाकू दिखाकर मारने की धमकी दी। डर के मारे पीडिता बाइक के पीछे बैठ गई इसके बाद बंशीलाल पीडिता को लेकर अहमदाबाद गया जहां उसे एक कमरे में बंद कर उससे दुष्कर्म करता रहा। 17 दिन बंधक रहने के बाद पीडिता जैसे-तैसे आरोपी के चंगुल से छुटकर अपने घर पहुंची और परिजनों को आप बीती सुनाई। इसके बाद पीडिता 11 फरवरी 2021 को अपने पिता के साथ सागवाड़ा थाने पहुंची थी और मामला दर्ज कराया था। मामले में सुनवाई करते हुए आज पोक्सो कोर्ट ने बंशीलाल खराड़ी को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर एक लाख 75 हजार का अर्थ दंड भी लगाया है।

## खड़गदा में एक मकान और दो मंदिरों में चोरी की घटना से आक्रोशित ग्रामीण थाने पहुंचे



**सागवाड़ा।** थाना क्षेत्र सागवाड़ा के खड़गदा गांव में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सागवाड़ा थानाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया है। इसमें ग्रामीणों ने चोरी की वारदातों का खुलासा करने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि खड़गदा गांव में चोरी की वारदातें लगातार हो रही है, कुछ दिन पहले मकान में लाखों के जेवरात चोरी करने के बाद चोरों ने खडगदा में दो आस्था के केन्द्रों को निशाना बनाया है। चोरों मंदिरों से चांदी के छत्र व मुकुट चुरा कर ले गए है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। उस मामले में भी अभी तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। गांव में अचानक चोरी की वारदातों के बढ़ने और पुलिस द्वारा जल्द खुलासा नहीं करने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सभी चोरियों का खुलासा करने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस दौरान शशिकांत पुरोहित, अनिल पुरोहित, ईश्वर भट्ट, चांदमल जैन, रामचंद्र पुरोहित, अभय जैन, प्रभाशंकर दवे, गौरीशंकर भट्ट, मणिलाल जोशी, विनोद सरपोटा, यश भट्ट, जिग्नेश जोशी मौजूद थे।

## पीड़ी मद के शिक्षको का वेतन लेखा मद 01 से हो -शिक्षक संघ राष्ट्रीय



सीमलवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री अरविंद व्यास ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर पीड़ी बजट मद में कार्यरत शिक्षको के लिए एक मुश्त बजट आंवटित करने की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष बलवन्त बामणिया तथा जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया की पीडी मद के शिक्षकों का एकमुश्त बजट आवंटित नहीं किए जाने से शिक्षकों को अपने भवन व वाहन ऋष्ण की किश्त चुकाने तथा बालकों की फीस भुगतान करने जैसे व्ययों का चुकारा करने में काफी कठिनाई हो रही हैं समय पर बैंक क़िस्त जमा नही होने से पैनल्टी सहित बैंक में डिफाल्टर होने जैसी परिस्थिति आ गई है! प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा तथा संभाग संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार ने बताया कि वर्तमान में बजट के अभाव में मार्च माह का वेतन भी पीड़ी मद के शिक्षकों के बकाया हैं पीडी मद में कार्यरत शिक्षकों को प्रतिमाह वेतन माह के प्रथम सप्ताह में मिल सके इस हेतु एक मुश्त बजट की आवश्यकता है । वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा नवीन वेतन व्यवस्था से समस्त राज्य कर्मचारियों को काफी राहत मिली है इसी क्रम में पीड़ी मद के कार्मिकों को भी सहायता मदद से हटाकर लेखा मत 01 में स्थानांतरित करने पर समय पर वेतन मिल सकता है। जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र वरहात, गोविंद कुँवर झाला व दक्षा कलाल , वासुदेव रोत, भारत सिंह राणावत, भरत पाटीदार, राजेन्द्र सिंह वणवासा, कल्पेश मेहता, देवेंद्र भट्ट, मनोहर मीणा, देवानंद उपाध्याय, मनोहर सिंह रेलड़ा, राजेन्द्र मीणा, किशोर सिंह सिसोदिया, रविप्रताप पारगी सुदर्शन सिंह चौहान, शंकर बुनकर सहित सभी पदाधिकारियों ने पीड़ी मद के शिक्षको की वेतन व्यवस्था सहायता अनुदान 92 के स्थान पर लेखा मद 01 में स्थानातंरण कर माह के प्रथम सप्ताह में कराने की मांग की है। साथ ही सगठन ने जिला कलेक्टर के नवीन आदेश में प्रधानाचार्य को गैर शैक्षिक सर्वे कार्य से मुक्त रखने पर आभार जताते हुए स्वागत किया।

## केंद्र राज्यों को कोयला सप्लाई करने में फेल: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली कटौती को लेकर सियासत शुरू हो गई है। वहीं मुख्यमंत्री ने भी डिमांड के बराबर बिजली सप्लाई करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आज बीजेपी के सभी ग्रिड सब स्टेशनों पर बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शनों के बीच केंद्र और भाजपा नेताओं को निशाने पर लिया है। गहलोत ने केंद्र सरकार पर मांग के हिसाब से राज्यों को कोयला सप्लाई नहीं करने को बिजली संकट का कारण बताया है। गहलोत ने चार ट्वीट करके बिजली संकट पर लोगों से जरूरत के हिसाब से ही बिजली काम में लेने की अपील



भी की है। गहलोत ने लिखा- राजस्थान में प्रदेश भाजपा बिजली घरों पर प्रदर्शन कर इस संकट में चुनौतीपूर्ण काम कर रहे बिजली कर्मचारियों को परेशान कर उन पर दबाव बनाने का काम कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि राज्यों को कोयला उपलब्ध करवाने का काम केंद्र सरकार का है। क्या प्रदेश भाजपा का दिशाहीन नेतृत्व केंद्र सरकार से इस बारे में सवाल पूछेगा कि वो मांग के अनुसार कोयला उपलब्ध करवाने में सक्षम क्यों नहीं हैं, जिसके कारण 16 राज्यों में बिजली कटौती की नौबत आई है?

## नरेगा में श्रमिकों की ऑनलाइन हाजरी से हो रही परेशानी, प्रधान को सौंपा ज्ञापन

**सागवाड़ा।** मनरेगा में श्रमिकों की हाजरी ऑनलाइन नही होने के मामले को लेकर सागवाड़ा ब्लॉक के नरेगा के मेटो ने शुक्रवार को पंचायत समिति कार्यालय में प्रधान ईश्वर सरपोटा और विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नरेगा में श्रमिकों की ऑनलाइन हाजरी की व्यवस्था में हो रही परेशानी के कारण हाज़री प्रक्रिया को ऑफलाइन करने की मांग की। प्रधान ओर विकास अधिकारी ने मेटो की समस्याओं को सुनते हुए आलाधिकारियों को इस मामले को अवगत कर राहत पहुचाने का आश्वासन दिया।

## प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा ने किया विरोध प्र्रदर्शन

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर जमकर साधा निशाना

**सीमलवाड़ा।** राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में भाजपा मंडल सीमलवाड़ा ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे। क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। क्षेत्र में 8 से 10 घंटे बिजली कटौती की जा रही है, परीक्षा का दौर भी चल रहा है ऐसे में बच्चे परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं । भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है ऐसे में बिजली गुल रहने से विशेषकर बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है । साथ ही बताया कि तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावी सभा में 10 दिनों में किसानों का संपूर्ण कर्ज माफी का ऐलान किया था लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ है दूसरी और किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लाखों किसानों को नहीं मिल रहा है, पोर्टल खोलकर वंचित किसानों के नाम जोड़ने की मांग की है। पेट्रोल डीजल पर 4 प्रतिशत वैट बढ़या गया है, स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स लगाकर किसानों व ग्रामीणों पर बोझ डाला गया है जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने टोल टैक्स हटा लिया था। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना तो दूर रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो रहा है, रीट परीक्षा 2021 में हुई धांधली को रोकने में सरकार विफल रही है,



राजस्थान में कानून व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। चिकित्सा व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुआ है ऐसे में आए दिन प्रसूताओं की मौतें हो रही है। साथ ही मनरेगा योजना में गरीब मजदूरों के साथ ऑनलाइन हाजरी के नाम पर परेशान किया जा रहा है, नेटवर्क की समस्या होने से ऑनलाइन हाजरी नहीं हो पा रही है। साथ ही बताया कि राज्य सरकार द्वारा हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है , धारा 144 लगाई जा रही है। क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जानकारी लेने पर सहायक अभियंता हर्षद पंचाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर 132 जीएसएस से बिजली कटौती हो रही है जिसकी अग्रिम सूचना उन्हें नहीं मिलती है।

ज्ञापन देते समय मंडल महामंत्री दिनेश चंद्र पंड्या, रमेश भगोरा, बाबू लाल कटारा , वरिष्ठ नेता प्रकाश पंड्या, गुणवंत पंड्या, राजेश्वर पंड्या, सुभाष पंड्या, गटू लाल पाटीदार, सरपंच विजय पाल डोडियार, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कल्पेश भारती, कमला शंकर भट्ट, प्रवीण कुमार रोत, भूपेंद्र भट्ट, अरविंद रावल , उपसरपंच मिशा पंड्या , पंचायत समिति सदस्य जमुना देवी कटारा, महिला मंडल अध्यक्ष रेणुका भट्ट, पराग सोनी ,कमला शंकर पाटीदार, नारायण सिंह चारण, सुनील भट्ट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उसी सलालेश्वर मण्डल अध्यक्ष गोविंद राम पाटीदार के नेतृत्व में पीठ कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। मण्डल अध्यक्ष पाटीदार ने कहा कि कटौती का कोई रोस्टर नहीं रह गया है। मुश्किल से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। सरकार द्वारा किये गए तय समय से भी ज्यादा बिजली कटौती हो रही है, जिससे जनता तेज गर्मी में ज्यादा परेशान हो रही है। रात्रि कालीन बिजली कटौती से आम जनमानस में काफी आक्रोश फैल रहा है जो कि कभी भी सड़क पर उतरने को बाध्य हो सकते हैं। रात्रि कालीन कटौती तत्काल बंद करने की मांग की। इस अवसर पर मंडल महामंत्री देवी सिह ,देवेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डायालाल पंचाल, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अमर सिंह,विस्तारक करन लबाना, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सतीश लबाना ,मनोहर सिह,महिपाल सिह , रतन सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष बाबूलाल डामोर ,पंकज लबाना के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।